DELHI PUBLIC SCHOOL TAPI

Class II Learning Partnership in HINDI 04

पठन कार्य

अपने परिवार के समक्ष पाठ 4: "अधिक बलवान कौन?" को शुद्ध उच्चारण सहित उच्च स्वर में पढ़िए।



4. अधिक बलवान कौन?

एक बार हवा और सूरज में बहस छिड़ गई।
हवा ने सूरज से कहा– मैं तुमसे अधिक बलवान हूँ।
सूरज ने हवा से कहा– मुझमें तुमसे ज़्यादा ताकत है।
इतने में हवा की नज़र एक आदमी पर पड़ी।
हवा ने कहा– इस तरह बहस करने से कोई फ़ायदा नहीं है। जो इस आदमी का कोट उतरवा दे, वही ज़्यादा बलवान है।
सूरज हवा की बात मान गया।
उसने कहा– ठीक है। दिखाओ अपनी ताकत।
हवा ने अपनी ताकत दिखानी शुरू की।
आदमी की टोपी उड़ गई।
पर कोट उसने अपने दोनों हाथों से शरीर से लपेटे रखा और जल्दी-जल्दी कोट के बटन बंद कर लिए।

23

हवा और ज़ोर से चलने लगी।

अंत में आदमी नीचे ही गिर पड़ा। पर कोट उसके शरीर पर ही रहा। अब हवा थक गई थी।

सूरज ने कहा– हवा, अब तुम मेरी ताकत देखो।

सूरज तपने लगा।

आदमी ने कोट के बटन खोल दिए।

सूरज की गर्मी और बढ़ी।

आदमी ने कोट उतार दिया और उसे हाथ में ले कर चलने लगा।

सूरज ने कहा–देखी मेरी ताकत? उतरवा दिया न कोट?

हवा ने सूरज को नमस्कार किया और कहा–मान गई तुम्हारी ताकत को।

[Time: 20 min   MI: Verbal   RBT: Understanding]

****